8.5 **वित्तीय बिड खोलना**

निविदा के सृजन के समय जो पदाधिकारी निविदा को खोलने के लिए प्राधिकृत थे वही पदाधिकारी स्वीकृत बिड को खोल सकेंगे। बिड ऑपनर द्वारा निविदादाता से प्राप्त प्रत्येक B.O.Q. की जाँच की जायेगी तथा सिर्फ वैसे B.O.Q. को स्वीकार किया जाना चाहिए जो B.O.Q. के रूप में समर्पित किया जा चुका है और जिसे विभागीय पदाधिकारी द्वारा अपने DSC के साथ अपलोड किया गया है। प्रोटेक्टेड B.O.Q. में निविदादाता द्वारा किसी प्रकार के परिवर्तन का पूर्णतया अस्वीकार किया जाना चाहिए। तुलनात्मक विवरणी स्वतःसिस्टम द्वारा तैयार किया जायेगा जिसे वित्तीय मूल्यांकन हेतु उपयोग किया जायेगा।

8.6 **वित्तीय मूल्यांकनः**

विभाग में प्रचलित अधिप्राप्ति प्रक्रिया के अनुसार वित्त्यीय मूल्यांकन किया जाना चाहिए। LI से बातचीत (negotiation) किया जा सकेगा। अंतिम एकरारित दर एवं राशि समिति के निर्णय के बाद उसकी scan प्रति को अपलोड किया जायेगा।

8.7 **निविदा आवंटन (AOC):**

निविदा का आवंटन ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया का अंतिम स्टेज है। विभागीय प्रयोक्ता जो बिड मूल्यांकन के पहुँच का स्तर रखते हैं वे बिड मूल्यांकन के ब्यौरा को AOC में अद्यतन करने के लिए सक्षम होंगे।

AOC तक पूरी निविदा प्रक्रिया में रहनी चाहिए। बीच में इसे छोड़ा नहीं जाना चाहिए। AOC का ब्यौरा निविदा के प्रक्रिया के हर स्टेजेज को पूरा करेगा जो आम लोगों को देखने के लिए ऑनलाईन पर उपलब्ध रहेगा।

8.8. **Auditor (अंकेक्षक):**

विभागीय प्रयोक्ता जो अंकेक्षक स्तर का पहुँच रखते हैं वे विभाग के ई–टेन्डरिंग के सभी कार्यक्रमों (प्रक्रियाओं) को अंकेक्षित करने योग्य होगे।

9 **सिक्युरिटी फिचर्सः**

रोल बेस एसेस, टाईम बेस, एसेस, टाईम स्टामपिंग।

9.1 रोल बेस एसेस–प्रयोक्ता या प्रयोक्ता के समूह को आवंटित अधिकार के आधार पर बेवसाईट में प्रवेश प्राप्त होता है। यह आश्वस्त करता है कि अनाधिकृत लोगों द्वारा हस्तक्षेप करना संभव नहीं है।

9.2 टाईम बेस एसेस–निविदा की प्रक्रिया निर्धारित तिथि एवं समय पर पूरा हो सकेगा, उदाहरण के लिए निविदा प्राधिकृत प्रयोक्ता द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय से पहले नहीं खोला जा सकेगा। निविदा निर्धारित समय एवं तिथि के बाद जमा नहीं किया जा सकेगा। निविदा निर्धारित समय एवं तिथि के पहले खोली नहीं जा सकेगी। सरवर (Server) के समय में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकेगा, क्योंकि यह National Standard Time Server से रेखांकित है।

9.3 **Time Stamping:** सभी प्रक्रिया और समय मुद्रांकित हैं। कम्प्यूटर का IP Address चिन्हित है जो निविदा की प्रक्रिया की अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में काम आयेगा।

## 10. Future Projection: (भविष्य में उठाये जाने वाले कदम):

10.1 सॉफ्टवेयर का अपग्रेडेशन और नया फिचर्स को जोड़ना अनवरत प्रक्रिया है। यह विभाग द्वारा लागू किया जायेगा जब और जहॉ वे ई–टेन्डरिंग के सॉफ्टवेयर में इसे जोड़ते है।

10.2 फिलहॉल (वर्तमान में) निविदादाता के लिए ऑन लाईन पेमेंट मोड ही एक मात्र ऑपशन है जो ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया के लाभ को कम कर देता है। विभाग NIC, NICSI, NRRDA से संपर्क में है। उम्मीद की जाती है कि ऑन लाईन पेमेंट मोड शीघ्र ही विभाग द्वारा बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान की मदद से लागू किया जायेगा।

10.3 विभाग उम्मीद करता है कि ई–टेन्डरिंग सॉफ्टवेयर और अन्य प्रकार की ऑनलाईन सॉफ्टवेयर मिला दिये गये और समकालिक हैं। इसलिए ऑन लाईन कार्य का डुप्लीकेशन नहीं हो सकता है। विभाग इस संबंध में काम कर रहा है ताकि यह प्रबंधन एवं अनुश्रवण पद्धति को उन्नत करने में मदद करेगा।